राज्य स्तरीय आकलन 2018–19

कक्षा – 3

विषय – पर्यावरण अध्ययन

(आदर्श उत्तर)

उत्तर (1) (10 अंक)

(i) (स) मिल–जुलकर रहना सिखाते हैं।

(ii) (ब) 14 नवंबर

(iii) (स) आरी

(iv) (अ) रूक जाते हैं।

(v) (द)

(vi) (ब) साइकिल की गति धीमी करें

(vii) (स) नाव

(viii) (द) गेंद

(ix) (ब) उन्हें हाथ पकड़कर सड़क पार करा देंगे।

(x) (द) लोहा

उत्तर (2) सामान ढोने वाले वाहन के नाम लिखो – (कोई 2) (2 अंक)

(अ) रेलगाड़ी (ब) ट्रक [बैलगाड़ी, ट्रैक्टर, हवाई जहाज, पानी जहाज, जीप, मेटाडोर, बैलगाड़ी, ठेला]

उत्तर (3) साइकिल, रिक्शा, कार, जीप, बस, बैलगाड़ी, आटो, स्कूटर, ट्रक, हवाई जहाज, रेलगाड़ी आदि (कोई 2) (2 अंक)

उत्तर (4) (1) केले के छिलके को सड़क पर फेंकने से **लोगों को चोट लग** सकती है।

(2) पैर के नीचे छिलके आने से **फिसलकर गिर सकते** है।

(3) फिसलकर गिरने से चोट लगने का डर बना रहता है। (2 अंक)

उत्तर (5) दोनों में से मिट्टी के बर्तन में पानी भरेंगे। (2 अंक)

उत्तर (6) (अ) मेहमान का अभिवादन – (2 अंक)

दोनों हाथ जोड़कर (सिर झुकाकर)।

(ब) पानी का गिलास माँगना –

मुँह को खोलकर, अंगूठे द्वारा मुँह की ओर इशारा करते हुए।

उत्तर (7) कुँए का पानी आसानी से निकालने के लिए घिरनी के माध्यम से पानी निकालेंगे।

(2 अंक)

उत्तर (8) हमारी शाला में (1) खो–खो (2) कबड्डी (3) दौड़ (4) कूद (5) गोटा (6) पिट्टूल (7) फुगड़ी (8) क्रिकेट (7) लुकाछिपी (10) डंडा–पचरंगा (11) जल–थल (12) गिल्ली–डंडा आदि खेल खेले जाते हैं। (कोई 6) (3 अंक)

उत्तर (9) हम अपने दोस्तों को (1) पत्र लिखकर, (2) टेलीफोन से, (3) मोबाइल से, (4) फैक्स मशीन से, (5) स्वयं दोस्त के घर जाकर सूचना पहुँचाते हैं। (कोई तीन माध्यम) (3 अंक)

उत्तर (10) मेंढक को पत्थर मारना उचित नहीं है। हमें किसी भी जीव–जंतु को परेशान नहीं करना चाहिए। (दो वाक्य) (3 अंक)

उत्तर (11) (1) हमेशा सड़क के बायीं ओर चलेंगे।

(2) सड़क पार करते समय दाएँ और बाएँ देखकर पार करेंगे।

(3) यातायात के नियमों का पालन करेंगे।

(4) जब कोई वाहन नहीं आ रहा हो तब सड़क पार करेंगे।

(5) सड़क पार करते समय सावधानी रखेंगे।

(6) लापरवाही नहीं करेंगे। (कोई 2 वाक्य पर 3 अंक)

उत्तर (12) हमारे विद्यालय में 26 जनवरी को सुबह प्रभात फेरी निकालते हैं। प्रभात फेरी में जयघोष व राष्ट्रीय गीत गाते हैं। विद्यालय में गाँव के सरपंच (मुख्य अतिथि) द्वारा तिरंगा झंडा फहराया जाता हैं, राष्ट्रगान गाया जाता है। बच्चों के द्वारा गीत, कविता, भाषण एवं सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए जाते हैं। स्कूलों में पुरस्कार व मिठाई बाँटते हैं। विद्यालय को तोरण पताका से सजाते है।

संकेत – (26 जनवरी से संबंधित कोई भी 4 वाक्य) (4 अंक)

उत्तर (13) जंगल में लोगों के आने से (जानवर) पशु–पक्षी परेशान होने लगते हैं। उनके द्वारा पेड़ों को काटे जाने से जंगल उजड़ने लगा है। जिससे जीव–जंतुओं का जीवन संकट में पड़ जाता है। जंगल के जानवर गांव व शहर की ओर जाने लगे हैं।

संकेत –(1) जीव–जंतु का जीवन संकट में है (2) पेड़ों के कटाव से जंगल उजड़ने लगा है।

(ये दो बिन्दु लिखना अनिवार्य है) (4 अंक)

उत्तर (14) संकेत चिन्ह –



उत्तर (15) एक शहर से दूसरे शहर तक संदेश पहुँचाने के लिए उपयोग करने वाले किसी एक साधन का चित्र (इससे संबंधित कोई अन्य चित्र)

(1)	(2)
 लिफाफा	मोबाईल